इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन (आई0ए0एस0ई0), प्रयागराज

वित्तीय वर्ष 2024–25 में आयोजित विभिन्न गतिविधियों / कार्यक्रमों का विवरण	
01– कार्यक्रम का नाम	योग प्रशिक्षण कार्यक्रम

शिक्षकों में योग के प्रति जागरूकता पैदा करना एवं अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षकों हेतु योग प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान में दो फेरों में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 75 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रथम फेरा:– दिनांक 19.6.2024 से 21.06.2024 तक त्रिदिवसीय 50 प्रतिभागी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित।

द्वितीय फेरा:– दिनांक 19.03.2025 से 21.03.2025 तक त्रिदिवसीय 25 प्रतिभागी ।

02– कार्यक्रम का नाम	पी0एम0 ई0 विद्या कार्यक्रम के अन्तर्गत 50 शैक्षिक वीडियों तैयार करना

पी0एम0 ई–विद्या कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है जो छात्रों और शिक्षकों के बीच डिजिटल/ऑनलाइन शिक्षण के साथ–साथ विभिन्न प्रकार की शिक्षण सामग्री तक छात्रों की पहुँच को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा एवं छात्रों की विषय की समझ को विकसित करेगा। पी0एम0 ई–विद्या कार्यक्रम के अन्तर्गत आई0ए0एस0ई0, प्रयागराज को 50 शैक्षिक वीडियो निर्माण कराने का दायित्व प्रदान किया गया था।

इस लक्ष्य के अन्तर्गत गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, लेखाशास्त्र, वाणिज्य, इतिहास, भूगोल एवं सामाजिक विज्ञान विषयों के 50 प्रकरणों पर 18 विषय विशेषज्ञों (असि0 प्रोफेसर एवं प्रवक्ता) द्वारा गुणवत्ता पूर्ण शैक्षिक वीडियो बनाये गये।

वीडियो निर्माण के प्रथम चरण के रूप में वीडियो स्क्रिप्ट लेखन कार्यशाला दिनांक 17.12.2024 से 19.12.2024 तक सम्पन्न की गयी। शैक्षिक वीडियो निर्माण का कार्य दो कार्यशाला क्रमशः दिनांक 06.01.2025 से 10.01.2025 (05 दिवसीय) एवं दिनांक 20.01.2025 से 25.01.2025 तक (06 दिवसीय) के माध्यम से सम्पन्न किया गया। वीडियो रिकार्डिंग कार्य पूर्ण होने के पश्चात अग्रेतर प्रक्रिया हेतु समस्त 50 वीडियो को परिषद कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी ड्राइव आई0डी0 पर अपलोड कर दिया गया है।

03– कार्यक्रम का नाम	पुस्तकालय एवं पठन क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करना।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 21.9 में कहा गया है कि समुदाय एवं शिक्षण संस्थानों में पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए पुस्तकों तक पहुँच और उपलब्धता बेहतर करना आवश्यक है। विद्यालयों में पठन कौशल तथा स्वाध्याय की प्रवृत्ति के विकास हेतु पुस्तकालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उ0प्र0, लखनऊ के आदेशानुसार 05दिवसीय 05 फेरों में कुशल विशेषज्ञों, पुस्तकालयध्यक्षों एवं शिक्षकों द्वारा पुस्तकालय एवं पठन क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण मॉड्यूल (ग्रन्थागार) का विकास किया गया जिसमें शिक्षकों को पुस्तकालय संचालन की बुनियादी जानकारियां प्रदान करने, विद्यालय स्तर पर प्रभावी पुस्तकालय संचालन एवं विद्यालयों में पठन कौशल तथा पठन प्रवृत्ति का समुचित विकास करने के लिए विकसित किया गया है। आगामी सत्रों में प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के द्वारा इस मॉड्यूल के माध्यम से प्रशिक्षण प्रस्तावित है।



Thank You